कॉर्पोरेट एवं आर्थिक:

प्रोफाइल

बैंक के बारे में:

हम 100 प्रतिशत कोर बैंकिंग समाधान लागू करने वाले देश के पहले बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हैं. बैंक को प्रौद्योगिकी, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, एमएसएमई और मानव संसाधनों के विकास में अपने कौशल के लिए कई पुरस्कार और पहचान प्राप्त हुई है.

आज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में से एक है, जो भारतीय स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है. 1919 में स्थापित बैंक की कुल शेयर पूंजी में भारत सरकार की हिस्सेदारी 83.49% है, हमारे पास अपने हितधारकों की सेवा करने की एक लंबी विरासत है.

कर्मचारी

75,594

वैश्विक जमा

₹11,17,716 करोड़

दिनांक 31.03.2023 को

वैश्विक सकल अग्रिम

₹8,09,905 करोड़

दिनांक 31.03.2023 को

हमारी उत्पत्ति:

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 11 नवंबर, 1919 को हुई और इसका मुख्यालय मुंबई में है. इसकी स्थापना सेठ सीताराम पोद्दार ने की थी. मुंबई में बैंक के प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्ष 1921 में किया था. उनके दूरदर्शितापूर्ण शब्दों ने आगामी दशकों में बैंक की संवृद्धि की भविष्यवाणी की थी.



“ *हमारे पास अपनी राष्ट्रीय गतिविधियों के दौरान करोड़ो रुपये का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने के लिए एक बड़े बैंक के संचालन की क्षमता होनी चाहिए. यद्यपि हमारे बीच अनेक बैंक नहीं हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि हम करोड़ो और अरबों रुपए का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में सक्षम नहीं है.” महात्मा गांधी (1921)*

महात्मा गांधी (1921)

सेवाएँ एवं समाधान:

हमारे बैंक द्वारा चार मुख्य खंडों के अंतर्गत बैंकिंग सेवाएँ एवं समाधान प्रदान किए जाते हैं:

ट्रेजरी परिचालन

रिटेल बैंकिंग परिचालन

कॉर्पोरेट एंड होलसेल बैंकिंग

अन्य बैंकिंग परिचालन

हम खाता खोलने के विकल्पों की एक शृंखला प्रदान करते हैं जिसमें बचत खाता एवं चालू खाता, मियादी जमा एवं आवर्ती खाता के साथ-साथ डीमैट खाता एवं ऑनलाइन ट्रेडिंग खातें शामिल है. हमारी खुदरा ऋण पेशकशों में गृह ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण व्यक्तिगत ऋण एवं संपत्ति के बदले ऋण आदि शामिल हैं. हम आवश्यकता अनुरूप उत्पादों और ऋणों के साथ पेंशनभोगियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की जरूरत को भी पूरा करते हैं.

हमारी सेवाएँ निवेश और बीमा क्षेत्रों तक भी विस्तारित हैं जहां हम म्यूचुअल फंड और जीवन गैर-जीवन, स्वास्थ्य , बीमा और सामान्य बीमा जैसे विभिन्न बीमा उत्पाद पेश करते हैं. हम कर बचत जमा, सरकारी बचत योजनाएँ और पेंशन उत्पाद प्रदान करते हैं. हमारा बैंक कर संग्रहण सेवाओं और विभागीय मंत्रालयों खातों की भी सेवाएँ प्रदान करते हैं. कृषि, एसएसआई एंड तृतीयक क्षेत्र हमारी अल्पकालिक, दीर्घकालिक एवं अन्य अनुकूलित ऋण सुविधाओं से लाभान्वित हो सकते हैं. अतिरिक्त सुविधा एवं सुरक्षा के लिए, हम सेफ जमा लॉकर एवं चेक संग्रहण सेवाएँ प्रदान करते हैं.

कॉर्पोरेट क्षेत्र में, हम सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला जिसमें व्यापार वित्त, कार्यशील पूंजी, ऋण व्यवस्था, परियोजना वित्तपोषण एवं शृंखलाबद्ध वित्तपोषण शामिल हैं. हम ऋण संरचना/पुनर्रचना, ऋण समूहन, संरचित वित्त, विलय और अधिग्रहण सलाहकार और निजी इक्विटी सेवाओं में भी सहायता करते हैं. हमारे कॉर्पोरेट ग्राहक नकदी प्रबंधन, निर्यात क्रेडिट गारंटी निगम कवर, विदेशी विनिमय सेवाओं और डेरिवेटिव का भी लाभ उठा सकते हैं. हम अपनी आयात और निर्यात वित्त सेवाओं के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए व्यापक सहायता प्रदान करते हैं.

हमारी सेवाएँ घरेलू ग्राहकों तक ही सीमित नहीं है क्योंकि हम ट्रेजरी और विप्रेषण सेवाओं के साथ-साथ व्यापक एनआरआई बैंकिंग सेवाएँ भी प्रदान करते हैं. हमारी डिजिटल क्षमताओं में एप बैंकिंग, इन्टरनेट बैंकिंग, स्व सहायता बैंकिंग, एटीएम सेवाएँ और एसएमएस बैंकिंग शामिल हैं. अपने सेवा पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए हम पॉइंट ऑफ सेल टर्मिनल और तत्काल भुगतान सेवाएँ प्रदान करते हैं. हम कॉम्बो कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, उपहार कार्ड, प्रीपेड कार्ड और पेरोल कार्ड सहित कार्ड विकल्पों का वर्गीकरण भी प्रदान करते हैं.